गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2016 सितम्बर 20, 2016

लिस्टिंग विभाग
बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड
मंजिल 1, पी.जे.टॉवर, दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400 001

प्रिय महोदय,

कृपया **"गेल की पहली यूनीपोल पीई प्रोसेस लाइन का पाता में प्रचालन शुरु जिससे 4,00,000 टन प्रतिवर्ष पॉलीइथलीन का उत्पादन होगा अब कुल उत्पादन क्षमता 8,10,000 टन प्रतिवर्ष"** से संबंधित प्रेस विज्ञप्ति यहां इसके साथ संलग्न है।

उपर्युक्त आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,
हस्ता.
(ए. के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

1. लिस्टिंग विभाग
   नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
   एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
   प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
   बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
   मुंबई-400 051

2. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिअले मुंबई
   टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंजिल, सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
   मुंबई-400051

प्रेस विज्ञप्ति

गेल की पहली यूनीपोल पीई प्रोसेस लाइन का पाता में प्रचालन शुरु

4,00,000 टन प्रतिवर्ष पॉलीइथलीन का उत्पादन होगा अब कुल उत्पादन क्षमता 8,10,000 टन प्रतिवर्ष

नई दिल्ली, 20 सिंतबर, 2016 : भारत सरकार की पहल "मेक इन इंडिया" को मूर्त रूप देते हुए गेल (इंडिया) लिमिटेड ने 4,00,000 टन प्रतिवर्ष पॉलीइथलीन (पीई) की उत्पादन क्षमता के साथ पहले यूनीपोल पीई प्रोसेस लाइन को सफलतापूर्वक प्रारंभ कर दिया है । पाता, उत्तर प्रदेश स्थित गेल के पेट्रोकेमिकल संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता अब 8,10,000 टन प्रतिवर्ष है ।

गेल का फ्लेक्सिबल हाई डेंस्टी पॉलीइथलीन (एचडीपीई)/लीनियर लो-डेंस्टी पॉलीइथलीन (एलएलडीपीई) स्विंग प्लांट रेज़िन अनुप्रयोगों की पूरी रेंज उपलब्ध कराता है और जिससे गेल और इनके ग्राहक पीई बाज़ार के नए अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बन पाते हैं ।

नई प्रोसेस लाइन गेल को पीई उत्पाद क्षमताओं के विस्तार, उच्च क्वालिटी के साथ भारतीय पीई कन्वर्टर उपलब्ध कराने और बड़ी मात्रा के बाज़ार एवं आधुनिक निष्पादन अनुप्रयोगों के लिए आवश्यक स्वदेश से उत्पादित रेज़िन उत्पादों के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है ।

भारतीय बाज़ार में आए यूनीपोल पीई रेज़िन उत्पादों के संबंध में ग्राहकों के सकारात्मक फीडबैक प्राप्त हो रहे हैं । परियोजना स्थल की गेल टीम ने अमेरिका की यूनीवेशन टेक्नालॉजी की टीम को नए प्लांट के हुक-अप से लेकर स्टार्ट-अप तक कमीशनिंग में दिए गए सहयोग के लिए सराहना की है ।

गेल (इंडिया) लिमिटेड के बारे में

गेल (इंडिया) लिमिटेड भारत की प्रमुख प्राकृतिक गैस कंपनी है जिसकी गतिविधियों में गैस ट्रांसमिशन, विपणन, प्रोसेसिंग (एलपीजी, प्रोपेन, एसबीपी साल्वेंट, और पेंटेन के उत्पादन हेतु); द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का ट्रांसमिशन; एचडीपीई और एलएलडीपीई जैसे पेट्रोकेमिकल का उत्पादन और विपणन और दूरसंचार में बैंडविथ को पट्टे पर देना शामिल हैं । कंपनी ने पॉवर, द्रवित प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के री-गैसीफिकेशन, शहर गैस वितरण तथा अन्वेषण और उत्पादन के क्षेत्र में इक्विटी एवं संयुक्त-उद्यम प्रतिभागिता के द्वारा अपनी उपस्थिति दर्ज की है । गेल पूरे भारत में लगभग 11,000 कि.मी. प्राकृतिक गैस उच्च दाब ट्रंक पाइपलाइन जिसकी क्षमता 206 एमएमएससीएमडी है, का स्वामी है और इसका प्रचालन करता है ।

गेल लगातार उत्कृष्ट वित्तीय ट्रैक रिकार्ड के साथ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में से एक है । कंपनी ने वित्त वर्ष 2015-16 में रु. 51,614 करोड़ के कारोबार के साथ रु. 2299 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज किया है ।